रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72 REGISTERED No. D. (D)--72

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY GOVT OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 394] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 11, 1980/अग्रहायण 20, 1902
No. 394] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 11, 1980/AGRAHAYANA 20, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

IndiaCode

विदेश मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर, 1980

सा०का०नि० 691(अ).—केन्द्रीय सरकार पासपोर्ट अधिनियम, 1967 (1967 का 15) की धारा 24 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—इन नियमों का नाम पासपोर्ट नियम, 1980 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं .—इन नियमों में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" से पासपोर्ट अधिनियम, 1967 अभिप्रेत है,

(ख) "प्रारूप" से अनुसूची-III में दिया गया प्रारूप अभिप्रेत है,

(ग) किसी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के बारे में "प्रकीर्ण सेवा" के अन्तर्गत निम्नलिखित है, अर्थात् :—

(i) किसी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज में प्रविष्टियों का परिवर्तन,

(ii) विदेशों की बाबत किसी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज में अतिरिक्त पृष्ठांकन करना,

(iii) जब किसी विद्यमान पासपोर्ट पुस्तिका के सभी पृष्ठ लगभग समाप्त हो चुके हैं तब अनुपूरक पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज पुस्तिका जारी करना, या

(iv) किसी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज की बाबत कोई अन्य सेवा करना जिसकी उसका धारक अपेक्षा करे,

(घ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है,

(ङ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ।

3. पासपोर्ट प्राधिकारी .—(1) केन्द्रीय सरकार के अतिरिक्त अनुसूची 1 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट अधिकारी, उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए अधिनियम और इन नियमों के सभी प्रयोजनों के लिए पासपोर्ट प्राधिकारी होंगे ।

(2) अनुसूची 1 के स्तम्भ (2) में निर्दिष्ट अधिकारी किसी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के जारी किए जाने के प्रयोजन के लिए उक्त अनुसूची के स्तम्भ (3) की तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट राज्य क्षेत्रों में मामूली तौर से निवास करने वाले व्यक्तियों द्वारा किए गए आवेदनों की बाबत अधिकारिता का प्रयोग करेगा :

परन्तु अपवादिक और अर्जेंट मामलों में उक्त अधिकारी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के जारी किये जाने के लिए भारत के किसी अन्य

राज्यक्षेत्र में मामूली तौर से निवास करने वाले किसी व्यक्ति से आवेदन ग्रहण कर सकेगा और ऐसे व्यक्ति को भारत सरकार की अनुमति के लिए पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी कर सकेगा और आवेदन को उस पासपोर्ट प्राधिकारी को अन्तरित कर सकेगा जिसकी उस राज्य क्षेत्र में अधिकारिता है जिसमें ऐसा व्यक्ति मामूली तौर से निवास करता है :

परन्तु यह और भी कि पासपोर्ट के लिए आवेदन का पूर्वगामी परन्तुक के अधीन कोई ऐसा अन्तरण नहीं किया जाएगा यदि आवेदक ने उस स्थान से जहां का वह मूल रूप से निवासी था, उस पासपोर्ट प्राधिकारी की अधिकारिता के अधीन, जिसने पूर्वगामी परन्तुक के अधीन पासपोर्ट जारी किया था, राज्य क्षेत्र के भीतर बस जाने के आशय से प्रवास कर लिया है ।

4. उन वर्गों के व्यक्ति जिन्हें विभिन्न वर्ग के पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज जारी किए जा सकेंगे .—उन वर्गों के व्यक्ति जिनको धारा 4 की उपधारा (1) और उपधारा (2) में निर्दिष्ट वर्ग के पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी किए जा सकेंगे वे होंगे जो अनुसूची-II के यथास्थिति, भाग I या भाग II में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. आवेदनों का प्ररूप .—पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज या उसके नवीकरण या किसी अन्य प्रकीर्ण सेवा के लिए आवेदन उसके लिए अनुसूची-III के भाग I में दिए गए उपयुक्त प्ररूप में और ऐसे प्ररूप में दी गई प्रक्रिया और अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा :

परन्तु धारा 5 की उपधारा (2) के अधीन किसी जांच के दौरान कोई पासपोर्ट प्राधिकारी किसी आवेदक से ऐसी अतिरिक्त जानकारी, दस्तावेज या प्रमाणपत्रों की अपेक्षा कर सकता है जो आवेदन के उचित निपटारे के लिए ऐसा प्राधिकारी आवश्यक समझे ।

6. वित्तीय प्रत्याभूति .—(1) साधारण पासपोर्ट जारी किए जाने के लिए आवेदन के साथ अनुसूची-III के भाग II में दिए गए प्ररूप में निष्पादित एक वित्तीय प्रत्याभूति भी होगी :

परन्तु किसी आवेदक के मामले में ऐसी प्रत्याभूति आवश्यक नहीं होगी यदि वह :

(i) किसी संसद सदस्य या किसी राज्य, संघ राज्यक्षेत्र की विधान सभा के सदस्य या किसी राज्य विधान परिषद् के सदस्य या दिल्ली महानगर परिषद् के सदस्य, या किसी अधिकारी जो सरकार के उप सचिव की पंक्ति से निम्न पंक्ति का अधिकारी न हो या किसी प्रथमवर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट या किसी उपखंड मजिस्ट्रेट या किसी अपर जिला मजिस्ट्रेट या किसी जिला मजिस्ट्रेट का इस प्रभाव का प्रमाणपत्र दे देता है कि उसने अपना यह समाधान कर लिया है कि आवेदक की वित्तीय स्थिति अच्छी है;

(ii) आय-कर या सम्पत्ति-कर या कृषि आय कर देता है;

(iii) किसी राजस्व प्राधिकारी से, जो तहसीलदार की पंक्ति से नीचे का न हो इस प्रभाव का शोधनक्षमता प्रमाण-पत्र पेश करता है कि आवेदक 10,000 रुपये या उससे अधिक तक वित्तीय रूप से शोधनक्षम है;

(iv) किसी विदेशी सरकार द्वारा अपने पक्ष में जारी किया गया प्रवेश परमिट लेता है;

(v) उत्प्रवास अधिनियम, 1922 (1922 का 7) के अधीन भारत के बाहर जाता है और उस अधिनियम के उपबन्धों का अनुपालन किया गया है;

(vi) नियोजन बाउचर पर या नियोजन की प्रस्थापना पर भारत के बाहर जाता है;

(vii) छात्रवृत्ति या प्रशिक्षावृत्ति पर भारत से बाहर जाता है;

(viii) विदेशों में तीर्थ यात्रा पर या पड़ोसी विदेशों में यात्रा पर जाता है,

(ix) किसी विदेश को और वहां से वापसी यात्रा के संबंध में टिकट पेश करता है;

(x) किसी विदेश में आवेदक के निम्नलिखित नातेदारों को मिलने के लिए जाता है, अर्थात् पिता, माता, पति, पत्नी, भाई, बहिन, पुत्र या पुत्री और आवेदक के ऐसे नातेदार द्वारा प्रायोजन घोषणा पेश करता है जो (क) स्थानीय सरकार के प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष या नोटरी पब्लिक के समक्ष हस्ताक्षरित है और उस देश में भारतीय मिशन या पोस्ट के कौंसलीय आफिसर द्वारा सत्यापित या (ख) भारतीय मिशन के कौंसलीय आफिसर के समक्ष हस्ताक्षरित है;

(xi) अवयस्क होने हुए अपने माता-पिता या विधिक संरक्षक के साथ, जो पूर्वगामी खण्डों में से किसी की अपेक्षानुसार वित्तीय प्रत्याभूति देने से छूट प्राप्त है, जाता है :

परन्तु यह और कि विदेश में मौजूद आवेदक की बाबत ऐसी कोई प्रत्याभूति आवश्यक नहीं होगी यदि :—

(i) विदेश में पासपोर्ट प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि उसके पास अपने भरण-पोषण के लिए विदेश में पर्याप्त साधन हैं; या

(ii) उसे मूल पासपोर्ट जारी करने के समय वित्तीय प्रत्याभूति पेश करने से छूट दी गई थी ।

2. प्रत्याभूति दाता द्वारा वित्तीय प्रत्याभूति तब तक वापस नहीं ली जाएगी जब तक कि प्रत्याभूति के अनुसरण में भारत सरकार को संदेय या प्रतिपूर्ति योग्य सभी खर्चे, प्रभार और व्यय पूर्ण रूप से नहीं चुका दिये जाते हैं या जब तक कि पासपोर्ट धारक द्वारा नई स्वीकृति योग्य प्रत्याभूति नहीं दे दी जाती है ।

7. नामित विदेश .—निम्नलिखित देशों में से प्रत्येक धारा 5 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण के प्रयोजनों के लिए नामित विदेश होगा, अर्थात् :—

(i) बंगला देश, और

(ii) श्री लंका

8. आवेदनों के लिए संदेय फीस .—अनुसूची IV के स्तम्भ (2) में वर्णित प्रत्येक आवेदन के लिए फीस वह होगी जो उस अनुसूची के यथास्थिति स्तम्भ (3), (4) या (5) की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट करों पर संदेय है ।

9. फीस का संग्रहण .—ऐसे आवेदनों की बाबत संदेय सभी फीस सम्बन्धित पासपोर्ट प्राधिकारी को मनीआर्डर द्वारा भेजी जाएगी या उसके काउन्टर पर सकद जमा की जाएगी या पासपोर्ट फीस टिकट आवेदन पत्र पर चिपका कर दी जाएगी । कूपन या रसीद में उन विशिष्टियों का कथन करना चाहिए जिन की बाबत ऐसी फीस भेजी गई है या जमा की गई है ।

10. फीस का प्रतिदाय .—यदि जमा करने की तारीख से एक वर्ष के भीतर आवेदन किया जाता है तो निम्नलिखित दशाओं में फीस का प्रतिदाय किया जाएगा :—

(i) यदि फीस को जमा कराने के पश्चात् कोई व्यक्ति, यथास्थिति पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी करने के लिए अथवा उसके द्वारा पहले ही धारित पासपोर्ट या दस्तावेज पर किसी सेवा के लिए आवेदन नहीं करता है;

(ii) यदि संदत्त फीस विहित फीस से अधिक है; और

IndiaCode

(iii) यदि फीस ऐसी सेवा के लिए संदत्त की गई है जिसके लिए कोई फीस विहित नहीं की गई है।

11. पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के प्ररूप.—अधिनियम के अधीन जारी किया गया पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज अनुसूची III के भाग III में दिए गए उपयुक्त प्ररूप में होगा।

12. पासपोर्टों या यात्रा दस्तावेजों की अस्तित्वावधि.—(1) साधारण पासपोर्ट जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

(2) भारत-अनुदेश पासपोर्ट जारी किए जाने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

(3) भारत, श्रीलंका पासपोर्ट जारी किए जाने की तारीख से चार वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

(4) आपात प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की तारीख से छः मास की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

(5) पहचान पत्र जारी किए जाने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

(6) राजनयिक और सरकारी पासपोर्ट प्रत्येक दशा में केन्द्रीय सरकार या उस पासपोर्ट अधिकारी द्वारा जो पासपोर्ट जारी करता है विनिश्चित की जाने वाली अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

परन्तु यह कि राजनयिक या सरकारी पासपोर्ट की कुल अवधि जारी किए जाने की तारीख से दस वर्ष की होगी।

13. विशेष परिस्थितियों में अतिरिक्त पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज का जारी किया जाना.—पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज धारण करने वाला कोई व्यक्ति दूसरे पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के लिए तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि वह अपने द्वारा पहले ही धारित पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज को पासपोर्ट प्राधिकारी को समर्पित नहीं कर देता है:

परन्तु यदि ऐसे देशों में उसके परिदर्शन को सुकर बनाने के लिए ऐसा करना आवश्यक है तो एक ही व्यक्ति को विभिन्न देशों की बाबत पृथक पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी किए जा सकेंगे।

14. अपील प्राधिकारी.—अधिनियम और इन नियमों के प्रयोजन के लिए वह अपील प्राधिकारी जिसको नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट आदेश से अपील होगी वह होगा जो उसके स्तम्भ (2) की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है और प्रत्येक ऐसी अपील उस आदेश की तारीख से जिसके विरुद्ध अपील की जा रही है आवेदक को संसूचित किए जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर फाइल की जाएगी।

सारणी

आदेश, जिनके विरुद्ध अपील की गई	अपील प्राधिकारी
1	2
1. केन्द्रीय सरकार से भिन्न पासपोर्ट प्राधिकारी का निम्नलिखित धाराओं के अधीन आदेश—	मुख्य पासपोर्ट अधिकारी, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली।
(i) धारा 5 की उपधारा (2) का खण्ड (ब) या खण्ड (ग) या	
(ii) धारा 7 के परन्तुक का खण्ड (ब) या	
(iii) धारा 10 की उपधारा (1) या उपधारा (3)।	
2. उस प्राधिकारी का धारा 10 की उपधारा (6) के अधीन आदेश जिसका पासपोर्ट प्राधिकारी अधीनस्थ है।	अवर सचिव या सचिव विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली।

15. अपील का आवेदन संदेय फीस :—अपील के लिए प्रत्येक याचिका के साथ पच्चीस रुपए की फीस होगी जो खजाने में नकद संदत्त की जाएगी और रसीदी चालान की एक प्रति ऐसी याचिका के साथ भेजी जाएगी।

16. अपील प्राधिकारी द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया.—अपील की प्राप्ति पर अपील प्राधिकारी उस प्राधिकारी से जिसने वह आदेश पारित किया था, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, मामले का अभिलेख मंगा सकेगा और अपीलार्थी को अपने मामले का अध्यावेदन करने के लिए उचित अवसर देने के पश्चात अंतिम आदेश पारित कर सकेगा।

17. धारा 19 के अधीन विशेष पृष्ठांकन के लिए प्राधिकारी और प्ररूप.—

(1) धारा 19 के प्रयोजन के लिए प्राधिकारी, पासपोर्ट प्राधिकारी होगा।

(2) धारा 19 में निर्दिष्ट प्रत्येक विशेष पृष्ठांकन निम्नलिखित प्ररूप में होगा, अर्थात् :—

प्ररूप

यह पासपोर्ट इस पृष्ठांकन की तारीख से ..... दिन, मास की अधिकतम अवधि के लिए .....की यात्रा या परिदर्शन के लिए पासपोर्ट अधिनियम, 1967 (1967 का 15) की धारा 19 के अधीन इसके द्वारा विधिमान्य किया जाता है।

18. पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज का निरीक्षण.—धारा 12 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के प्रयोजन के लिए प्राधिकारी निम्नलिखित होंगे—

(i) कोई पासपोर्ट प्राधिकारी;

(ii) कोई पुलिस अधिकारी जो उप-निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो; और

(iii) केन्द्रीय सरकार द्वारा साधारण या विशेष आदेश द्वारा इस निमित्त समक्ष कोई सीमा-शुल्क अधिकारी।

19. पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के लिए शर्तें.—शर्तें जिनके अधीन कोई पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी किया जाएगा या नवीकृत किया जाएगा वे होंगी जो अनुसूची V में दी गई है।

20. निरसन.—पासपोर्ट नियम, 1967 का इसके द्वारा निरसन किया जाता है।

परन्तु ऐसा निरसन उक्त नियमों के पूर्व प्रवर्तन या उसके अधीन सम्यक रूप से की गई या सहन की गई किसी बात या अर्जित, स्वीकृत या उपगत किसी अधिकार विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं डालेगा।

अनुसूची 1

(नियम 3 देखिए)

क्र०सं०	पासपोर्ट प्राधिकारी	अधिकारिता
1	2	3
1.	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, अहमदाबाद (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, अहमदाबाद) ।	गुजरात राज्य और दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र
	(ख) सहायक क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अहमदाबाद (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय अहमदाबाद)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, अहमदाबाद (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, अहमदाबाद)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, अहमदाबाद (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय अहमदाबाद)	–यथोक्त–
2.	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, कलकत्ता (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, कलकत्ता)	पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम राज्य ।
	(ख) जन सम्पर्क अधिकारी, कलकत्ता (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय कलकत्ता)	–यथोक्त–
	(ग) अधीक्षक, कलकत्ता (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, कलकत्ता)	–यथोक्त–
3.	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, दिल्ली (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, नई दिल्ली) ।	दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, दिल्ली (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, नई दिल्ली) ।	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, दिल्ली (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, नई दिल्ली)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, दिल्ली (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, नई दिल्ली)	–यथोक्त–
4. (i)	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, चंडीगढ़ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, चंडीगढ़)	पंजाब राज्य (जलन्धर, कपूरथला, होशियारपुर, अमृतसर और गुरदासपुर जिलों को छोड़कर और हरियाणा, हिमाचल प्रदेश राज्य तथा चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र)
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, चंडीगढ़ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, चंडीगढ़)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, चंडीगढ़ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, चंडीगढ़)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, चंडीगढ़ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, चंडीगढ़)	–यथोक्त–
4. (ii)	(क) पासपोर्ट अधिकारी, जलन्धर (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, जलन्धर)	पंजाब राज्य में जलन्धर, कपूरथला, होशियारपुर, अमृतसर तथा गुरदासपुर जिले ।
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, जलन्धर (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, जलन्धर)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, जलन्धर (पासपोर्ट और उत्प्रवासन, कार्यालय, जलन्धर)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, जलन्धर (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, जलन्धर)	–यथोक्त–
5.	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, मद्रास (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मद्रास)	तमिलनाडु राज्य और पांडिचेरी (माहे जिला को छोड़कर) संघ राज्य क्षेत्र ।
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, मद्रास (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मद्रास)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, मद्रास (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मद्रास)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, मद्रास (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मद्रास)	–यथोक्त–
6. (i)	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, कोचीन (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, कोचीन)	केरल राज्य (केनानोर, कोजीकोड, मलापुरम और पालघाट जिलों को छोड़कर) और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र ।
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, कोचीन (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, कोचीन)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, कोचीन (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, कोचीन)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, कोचीन (क्षेत्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, कोचीन)	–यथोक्त–
6. (ii)	(क) पासपोर्ट अधिकारी, कोजीकोड (पासपोर्ट कार्यालय, कोजीकोड)	केरल राज्य में केनानोर, कोजीकोड, मलापुरम और पालघाट जिले और पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र का माहे जिला ।
	(ख) जन सम्पर्क अधिकारी, कोजीकोड (पासपोर्ट कार्यालय, कोजीकोड)	–यथोक्त–
	(ग) अधीक्षक, कोजीकोड (पासपोर्ट कार्यालय कोजीकोड)	–यथोक्त–

IndiaCode

1	2	3
7.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, मुम्बई (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मुम्बई)	महाराष्ट्र राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, मुम्बई (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मुम्बई)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, मुम्बई (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मुम्बई)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, मुम्बई (पासपोर्ट और उत्प्रवासन कार्यालय, मुम्बई)	–यथोक्त–
8.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, लखनऊ (पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ)	उत्तर प्रदेश राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, लखनऊ (पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, लखनऊ (पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, लखनऊ (पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ)	–यथोक्त–
9	(क) पासपोर्ट अधिकारी, हैदराबाद (पासपोर्ट कार्यालय, हैदराबाद)	आन्ध्र प्रदेश राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, हैदराबाद (पासपोर्ट कार्यालय, हैदराबाद)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, हैदराबाद (पासपोर्ट कार्यालय, हैदराबाद)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, हैदराबाद (पासपोर्ट कार्यालय, हैदराबाद)	–यथोक्त–
10.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, बंगलौर (पासपोर्ट कार्यालय, बंगलौर)	कर्नाटक राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, बंगलौर (पासपोर्ट कार्यालय, बंगलौर)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, बंगलौर (पासपोर्ट कार्यालय, बंगलौर)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, बंगलौर (पासपोर्ट कार्यालय, बंगलौर)	–यथोक्त–
11.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, जयपुर (पासपोर्ट कार्यालय, जयपुर)	राजस्थान राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, जयपुर (पासपोर्ट कार्यालय, जयपुर)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, जयपुर (पासपोर्ट कार्यालय, जयपुर)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, जयपुर (पासपोर्ट कार्यालय, जयपुर)	–यथोक्त–
12.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, भोपाल (पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल)	मध्य प्रदेश राज्य
	(ख) जन सम्पर्क अधिकारी, भोपाल (पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल)	–यथोक्त–
	(ग) अधीक्षक, भोपाल (पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल)	–यथोक्त–
13.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, भुवनेश्वर (पासपोर्ट कार्यालय, भुवनेश्वर)	उड़ीसा राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, भुवनेश्वर (पासपोर्ट कार्यालय, भुवनेश्वर)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, भुवनेश्वर (पासपोर्ट कार्यालय, भुवनेश्वर)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, भुवनेश्वर (पासपोर्ट कार्यालय, भुवनेश्वर)	–यथोक्त–
14.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, पटना (पासपोर्ट कार्यालय, पटना)	बिहार राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, पटना (पासपोर्ट कार्यालय, पटना)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, पटना (पासपोर्ट कार्यालय, पटना)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, पटना (पासपोर्ट कार्यालय, पटना)	–यथोक्त–
15.	(क) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, गोहाटी (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गोहाटी)	असम, नागालैण्ड, मेघालय तथा मणिपुर राज्य और अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम संघ राज्य क्षेत्र।
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गोहाटी)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, गोहाटी (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गोहाटी)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, गोहाटी (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गोहाटी)	–यथोक्त–
16.	(क) पासपोर्ट अधिकारी, श्रीनगर (पासपोर्ट कार्यालय, श्रीनगर)	जम्मू और कश्मीर राज्य
	(ख) सहायक पासपोर्ट अधिकारी, श्रीनगर (पासपोर्ट कार्यालय, श्रीनगर)	–यथोक्त–
	(ग) जन सम्पर्क अधिकारी, श्रीनगर (पासपोर्ट कार्यालय, श्रीनगर)	–यथोक्त–
	(घ) अधीक्षक, श्रीनगर (पासपोर्ट कार्यालय, श्रीनगर)	–यथोक्त–
17.	(क) मुख्य सचिव, गोवा, दमण और दीव सरकार, पणजी।	गोवा, दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र

IndiaCode

1	2	3
	(ख) पास पोर्ट अधिकारी, गृह विभाग (पासपोर्ट) गोवा, दमण और दीव सरकार, पणजी	गोवा, दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र
18.	(क) मुख्य आयुक्त, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र, पोर्टब्लेयर	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र
	(ख) उपायुक्त, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र, पोर्टब्लेयर	—यथोक्त—
	(ग) मुख्य सचिव, अंडमान और निकोबार प्रशासन, पोर्टब्लेयर	—यथोक्त—
	(घ) न्यायिक सचिव, अंडमान और निकोबार प्रशासन, पोर्टब्लेयर	—यथोक्त—
	(ङ) सहायक सचिव, (गोपनीय शाखा) अंडमान और निकोबार प्रशासन, पोर्टब्लेयर	—यथोक्त—
19.	विदेश स्थित भारतीय मिशनों या पोस्टों के कौंसलीय आफिसर अथवा कौंसलीय अभिकर्त्ता	संबंधित भारतीय मिशन अथवा पोस्टों की कौंसलीय अधिकारिता में आने वाला क्षेत्र
20.	(क) उप सचिव (पी० वी० खण्ड), विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली	राजनयिक और सरकारी पासपोर्टों के मामले में सम्पूर्ण भारत
	(ख) अवर सचिव, पी० वी० खण्ड, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली	—यथोक्त—
	(ग) अनुभाग अधिकारी, पी० वी० खण्ड, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली	—यथोक्त—

अनुसूची—II

(नियम 4 देखिए)

भाग—I पासपोर्ट

पासपोर्टों के वर्ग	व्यक्तियों के वर्ग जिन्हें जारी किया जा सकता है
1	2
1. साधारण पासपोर्ट	भारत के नागरिक
2. भारत बंगलादेश पासपोर्ट	—यथोक्त—
3. भारत-श्रीलंका पासपोर्ट	—यथोक्त—
4. भारत-श्रीलंका पासपोर्ट (1964 और 1974 के करारों के अधीन देश-प्रत्यावर्तियों के लिए)	वे व्यक्ति जिन्हें भारत-श्रीलंका सप्रत्यावर्तन करार 1964 और 1974 के अधीन भारतीय नागरिकता दी गई है।
5. सरकारी पासपोर्ट	(i) सरकारी पदधारी और गैर-सरकारी व्यक्ति जब उनकी यात्रा के लिए किराया सरकार द्वारा संदत्त किया जाता है और उनके कुटुम्बों के ऐसे सदस्य भी जो सरकार के खर्चे पर भारत से बाहर जाते हैं।
	(ii) भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंकों, निगमों, राज्य के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन उपक्रमों और अन्य संस्थाओं के पदधारी और राज्य द्वारा स्थापित स्वशासीय निकायों के पदधारी जो अपनी संस्थाओं के शासकीय कर्तव्य पर भारत से बाहर जाते हैं और उनके कुटुम्बों के सदस्य जब ऐसे सदस्य भी ऐसी संस्थाओं के खर्चे पर भारत से बाहर जाते हैं।
	(iii) विदेशी सरकारों, संयुक्त राष्ट्र संगठन और उसके विशिष्ट अभिकरणों में प्रतिनियुक्ति पर और अन्य अन्तर-सरकारी संगठनों/अभिकरणों के जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, के स्थायी सरकारी पदधारी और उनके कुटुम्बों के सदस्य, परन्तु यह तब जब ऐसी प्रतिनियुक्ति भारत सरकार के माध्यम से की जाती है।
	(iv) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विचार गोष्ठियों और अधिवेशनों में उपस्थित होने के लिए या स्थायी रूप से या तत्समय प्रवृत्त किसी छात्रवृत्ति स्कीम के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के मंत्रालय द्वारा या उनके विभागों द्वारा प्रायोजित सरकारी पदधारी। परन्तु यह तब जब भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति कर्तव्य मानी जाती है और सरकारी पदधारी भारत में अपना कर्तव्य वेतन और भत्ते लेने के लिए अनुज्ञात किए जाते हैं और ऐसे पदधारी के, जो भारत के बाहर कम से कम बाहर मास के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, कुटुम्ब के सदस्य जब ये ऐसे पद धारी के साथ यात्रा करते हैं या विदेश में उसके पदस्थान पर उसके साथ रहते हैं।
	(v) भारतीय विदेश सेवा (शाखा ख) के अधिकारी की पूर्ण रूप से आश्रित माता/पिता/सास/भाई/बहिन और भारतीय विदेश सेवा (शाखा क) के अधिकारी की पूर्ण रूप से आश्रित सास/भाई/बहिन जब वे सरकार की मंजूरी से अधिकारी के विदेश में तैनाती के स्थान पर अधिकारी के साथ रहने के लिए भारत के बाहर जाते हैं।
	(vi) कोई अन्य व्यक्ति जिसे भारत सरकार की राय में विदेश में कर्तव्य की प्रकृति के कारण सरकारी पासपोर्ट मिलना चाहिए।

टिप्पण :—निम्नलिखित व्यक्ति, सरकारी पासपोर्ट जारी किए जाने के हकदार नहीं होंगे, अर्थात् :—

(क) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विचार गोष्ठियों और अधिवेशनों में उपस्थित होने के लिए या अध्ययन के लिए या स्वतंत्र रूप से या तत्समय प्रवृत्त किसी छात्रवृत्ति स्कीम के अधीन किसी प्रशिक्षण के लिए किसी सरकारी विभाग द्वारा प्रायोजित व्यक्ति, जब ऐसे व्यक्ति अध्ययन छुट्टी पर या किसी अन्य प्रकार की छुट्टी पर जाते हैं ;

IndiaCode

1	2
	(ख) ऐसे व्यक्ति जो वाणिज्यिक या अन्य प्रयोजनों के लिए भारत से बाहर अपने खर्चे पर जाते हैं चाहे सरकार का कोई विभाग यह प्रमाणित करता है कि ऐसा प्रयोजन सरकार के हित में होगा।
6. राजनयिक पासपोर्ट :—	
	(i) (क) भारतीय विदेश सेवा (शाखा क) के अधिकारी जब वे शासकीय कारोबार पर भारत से बाहर जाते हैं।
	(ख) भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) के और विदेश मंत्रालय या अन्य मंत्रालयों या भारत सरकार के विभागों के अन्य अधिकारी जो शासकीय कारोबार पर बाहर जाते हैं विदेश में भारतीय मिशनों या पोस्टों पर तैनात किए जाते हैं, जो विदेश मंत्रालय के विदेश सेवा बोर्ड द्वारा अवधारित किए जाएं।
	(ग) ऊपर (क) और (ख) में निर्दिष्ट किसी अधिकारी की यथास्थिति, पत्नी या शासकीय यजमानित या पति, 21 वर्ष की आयु से कम के आश्रित पुत्र और आश्रित अविवाहिता पुत्रियां आश्रित पिता, और आश्रिता माता जब वे ऐसे अधिकारी के साथ यात्रा करते हैं या विदेश में उसके पद स्थान पर उसके साथ रहते हैं।
टिप्पण : (i) किसी अधिकारी को, जो विदेश में राजनयिक पद वास्तव में धारण करता है, ऊपर (ग) में निर्दिष्ट कुटुम्ब के किसी सदस्य को अधिकारी के प्रत्यायन के देश से भिन्न देश में अध्ययन के लिए या केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य प्रयोजनों के लिए, ठहरने के लिए राजनयिक पासपोर्ट जारी किया जा सकेगा, किन्तु ऐसे मामले में जारी किया गया राजनयिक पासपोर्ट, अधिकारी के राजनयिक कर्तव्य की समाप्ति पर या जब अधिकारी मुख्यालय में वापस तैनात किये जाते है, समर्पित किया जाएगा।	
	(ii) (क) ऐसा व्यक्ति जिसकी राजनयिक प्रास्थिति है या उसे उसके विदेशी कर्तव्य के कारण या उसके पद के कारण, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित किया जाए, राजनयिक प्रास्थिति दी गई है।
	(ख) ऊपर (क) में निर्दिष्ट व्यक्ति की, यथास्थिति, पत्नी या पति जब वह उक्त व्यक्ति के साथ जाता है।

भाग II यात्रा दस्तावेज

यात्रा दस्तावेजों के वर्ग	व्यक्ति के वर्ग जिन्हें जारी किया जा सकता है
1	2
1 आपाती प्रमाण-पत्र	(i) विदेश में भारत के नागरिक जिन्हें पासपोर्ट इंकार किया जा चुका है या जिनके पासपोर्ट परिसमाप्त या प्रतिसंहृत किए जा चुके हैं या जो भारत में संप्रत्यावर्तित किए जाते हैं।
	(ii) वे व्यक्ति जिन्होंने भारतीय नागरिकता का प्रथम दृष्टया साक्ष्य पेश किया है किन्तु अतिरिक्त सत्यापन के बिना पासपोर्ट जारी करने के औचित्य के लिए वह साक्ष्य अपर्याप्त समझा जाता है।
	(iii) विदेश में भारत के नागरिक जिन के पासपोर्ट खो गए हैं, चोरी हो गए हैं या क्षतिग्रस्त हो गए है और जिन्हें जारी करने वाले कार्यालयों को उनकी पासपोर्ट विशिष्टियों के सत्यापन के लिए निर्देश किए बिना नए पासपोर्ट जारी नहीं किए जा सकते हैं।
	(iv) विदेश में भारतीय उद्भव के व्यक्ति जब उन्हें भारत में बसने के लिए आने की अनुज्ञा दी जाती है।
2. पहचान प्रमाण पत्र—	(i) भारत में निवास कर रहे राज्य विहीन व्यक्ति, विदेशी जिनके देश को भारत में प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं है या जिन की राष्ट्रीय प्रास्थिति संदेहपूर्ण है।
	(ii) धारा 6 की उपधारा (2) के खंड (क) के उपबंधों के प्रवर्तन से धारा 22 के अधीन छूट प्राप्त व्यक्ति।

अनुसूची III

(नियम 5, 6 और 11 देखिए)

भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ई, ए (पी) 1

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

पासपोर्ट आवेदन पत्र प्ररूप

(साधारण और भारत-श्रीलंका पासपोर्टों के लिए)

पासपोर्ट शुल्क डाकटिकट लगाने के लिए स्थान

चेतावनी . जानबूझकर मिथ्या जानकारी देना या कोई तात्विक जानकारी छिपाना पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अधीन अपराध है।

इस आवेदन पत्र प्ररूप का उपयोग किसी भी वयस्क व्यक्ति द्वारा अपने लिए या माता-पिता/विधिक संरक्षक के रूप में 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को साधारण अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट/भारत-श्रीलंका पासपोर्ट जारी किए जाने के लिए किया जा सकता है।

केवल कार्यालय के उपयोग के लिए
पासपोर्ट कार्यालय/स्टेट बैंक काउंटर पर संदाय के लिए रसीद सं० ..... तारीख ..... रोकड़िये के आद्याक्षर .....

सेवा में,
पासपोर्ट अधिकारी
(यहां कार्यालय का नाम भरें)
क० फीस :
1. जमा की गई रकम रु०
2. जमा करने की तारीख

IndiaCode

3. आपने किस प्रकार इसको जमा किया है—

(क) (पासपोर्ट फीस स्टाम्प द्वारा)	(ख) (पासपोर्ट कार्यालय काउंटर पर)	(ग) (पासपोर्ट कार्यालय में स्टेट बैंक काउंटर पर)	(घ) (मनीआर्डर द्वारा रसीद संलग्न की जाएगी।)

ङ. फोटो

कुल पांच प्रतियां अपेक्षित हैं—एक यहां चिपकाई जाएगी और चार आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की जानी है। फोटो का आकार 50 मि० मी० × 60 मि० मी० से कम नहीं होनी चाहिए और उसमें पूरा चेहरा दिखाई देना चाहिए।

कृपया फोटो के सामने के भाग पर कोई चिन्ह न लगाएं।

फोटो चिपकाने का स्थान

ग. आवेदक/अवयस्क की विशिष्टियां जिसके लिए पासपोर्ट अपेक्षित है :

1. साफ अक्षरों में पूरा नाम
(कृपया आद्यक्षरों का प्रयोग न करें)

2. यदि आवेदक विवाहिता/विधवा स्त्री है तो विवाह से पूर्व का नाम

3. उपनाम (यदि कोई हो)

4. (क) क्या आपने कभी अपना नाम बदला है ?
(ख) यदि हां, तो आपका पहले का नाम क्या था ?

5. जन्म की तारीख ——— ——— ———
तारीख मास वर्ष

6. जन्म-स्थान ——— ——— ———
(ग्राम/नगर) (जिला) (राज्य)

7. पिता का पूरा नाम
(कृपया आद्यक्षरों का प्रयोग न करें)

8. यदि आवेदक विवाहिता/विधवा स्त्री है तो पति का पूरा नाम

घ. वैयक्तिक विवरण :

1. व्यवसाय और वर्तमान उपजीविका

2. ऊंचाई .....मी० .....सें० मी०

3. आंखों का रंग

4. बालों का रंग

5. पहचान के प्रकट चिह्न

ङ. पासपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले 15 वर्ष से कम आयु के बालक

बालक का नाम	जन्म स्थान	जन्म की तारीख	आवेदक से नातेदारी
1.			
2.			
3.			

कृपया बालकों के जन्म प्रमाणपत्रों की या विद्यालय से उनकी आयु के प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें

च. पता :

1. स्थाई पता : ——— ———
(गृह सं०/गली) (ग्राम/नगर)
——— ———
(जिला) (राज्य)

2. (क) वर्तमान पता :
——— ———
(गृह सं०/गली) (ग्राम/नगर)
——— ———
(जिला) (राज्य)

(ख) यदि आप ऊपर दिए गए पते पर पिछले दो वर्ष से लगातार नहीं रह रहे हैं तो कृपया उन स्थानों के पते दीजिए जिन स्थानों पर आप इस अवधि में रहे हैं :

3. उस नातेदार का नाम और पता दीजिए जिसे पासपोर्ट धारक को विदेश में कोई कठिनाई होने की दशा में सूचित किया जा सके :
नाम
नातेदारी
पूरा पता
फोन नं० यदि कोई

छ. नागरिकता :

1. (क) क्या आपने कभी कोई अन्य नागरिकता प्राप्त की थी ?

(ख) यदि हां, तो क्या आपने भारतीय नागरिकता रजिस्ट्रीकरण द्वारा या देशीयकरण द्वारा प्राप्त की थी ?

(यदि आप पहली बार पासपोर्ट के लिए आवेदन दे रहे हैं तो नागरिकता दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

2. (क) यदि आप विवाहिता/विधवा स्त्री हैं तो क्या आपके पति भारतीय नागरिक हैं/थे ?

(ख) यदि ऊपर (क) उत्तर "नहीं" में है तो आपके पति की राष्ट्रिकता क्या है / थी और उनसे आपका विवाह कब हुआ था ?

3. (क) क्या आप किसी ऐसे स्थान से आए हैं जो पाकिस्तान या बंगलादेश में है ?

(ख) यदि हां, तो आप किस देश से और कब आए हैं ?

4. (क) क्या आप का जन्म भारत, पाकिस्तान या बंगलादेश से भिन्न किसी देश में हुआ था ?

(ख) यदि हां, तो आपके पिता की नागरिकता क्या थी ?
(i) आपके जन्म के समय; और
(ii) 26-1-1950 को

(ग) आपके पिता का जन्म स्थान क्या है ?

5. क्या आपके पिता ने कोई अन्य नागरिकता प्राप्त की थी ?
(क) यदि हां, तो किस राष्ट्र की ; और
(ख) कब ?

Indiacode

ज. पहला पासपोर्ट

1. क्या आपने पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज के लिए पहले कभी आवेदन किया है ?

2. यदि पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज जारी किया गया था तो निम्नलिखित ब्यौरे दें और पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज संलग्न करें :—

संख्या—

जारी करने की तारीख :

जारी करने का स्थान :

3. यदि पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज संलग्न नहीं किया गया है तो बताएं इसका क्या हुआ ?

4. कृपया अपने द्वारा प्राप्त किए गए सरकारी पत्र की एक प्रति संलग्न करें ; यदि

(i) आपको पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज देने से पहले इन्कार किया गया था और अस्वीकृति का आदेश बाद में बिना किसी शर्त के वापस नहीं लिया गया था/रद्द नहीं किया गया था; या

(ii) आपका पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज पहले परिबद्ध किया गया था और बाद में बिना शर्त आपको वापस नहीं किया गया था ।

5. यदि आपका नाम आपके माता या पिता के पासपोर्ट में सम्मिलित था तो नाम कटाने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें या पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज नाम कटाने के लिए प्रस्तुत करें ।

झ. **पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 6 के अधीन अपेक्षित जानकारी :**

1. क्या इस आवेदन पत्र को प्रस्तुत करने की तारीख से ठीक पांच वर्ष पूर्व की अवधि में किसी सांविधिक अपराध के लिए किसी समय भारत के किसी न्यायालय में आप दोषी सिद्ध हुए थे और कारावास से दण्डादिष्ट किए गए थे ?

2. क्या भारत के किसी दण्ड न्यायालय में आपके विरुद्ध कोई कार्यवाही लम्बित है ?

3. क्या किसी न्यायालय द्वारा आपको न्यायालय में पेश होने के लिए वारंट या समन या आपकी गिरफ्तारी के लिए वारंट या आपको भारत से बाहर जाने से प्रतिषिद्ध करने के लिए कोई आदेश जारी किया गया है ?

4. (क) क्या आपको कभी सरकारी खर्च पर विदेश से संप्रत्यावर्तित किया गया है ?

(ख) यदि हां, तो क्या आपने सरकार को उपगत खर्च का प्रतिसंदाय कर दिया है ?

यदि ऊपर प्रश्नों में से किसी प्रश्न का उत्तर "हां" में है तो कृपया अलग कागज पर सम्यक रूप से हस्ताक्षरित ब्यौरे प्रस्तुत करें ।

ञ. **केवल सरकारी/पब्लिक सैक्टर कर्मचारियों के लिए :**

1. क्या आप केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी विभाग, कानूनी निकाय या पब्लिक सैक्टर उपक्रम में कार्य कर रहे हैं ?

2. यदि हां, तो अपने कार्य के पूरे ब्यौरे और नियोजक के कार्यालय का पूरा पता और अपने नियोजक से एक "आक्षेप न होने का प्रमाणपत्र" मूल रूप में संलग्न करें ।

ट. **पूरक जानकारी :**

1. आप किन-किन देशों का परिदर्शन करना चाहते हैं ?

2. आपके परिदर्शन का उद्देश्य क्या है ?
(अध्ययन, व्यापार, पर्यटन, तीर्थयात्रा, नियोजन आदि)

3. आपकी शैक्षिक योग्यताएं क्या हैं ?
(i) साधारण
(ii) व्यावसायिक/तकनीकी

ठ. **परिचित व्यक्ति :**

अपने परिक्षेत्र के ऐसे दो जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और पते दें जो आपकी जमानत देने को तैयार हों

1.

2.

ड. **आवेदक की घोषणा :**

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं कि :

(i) मैंने स्वेच्छा से किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है ;

(ii) मैंने भारत की अपनी नागरिकता नहीं खोई है, उसका परित्याग नहीं किया है और न ही मैं इससे कभी वंचित किया गया हूं ; और

(iii) इस प्ररूप में दिए गए प्रश्नों के उत्तर में मैंने जो जानकारी दी है वह सही है ।

आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान:

तारीख:

टिप्पण : कृपया अंत में दिए गए स्थान पर अपने नमूने के हस्ताक्षर करें ।

ढ. **यदि पासपोर्ट अवयस्क व्यक्ति के लिए है तो माता-पिता या विधिक संरक्षक की घोषणा :**

मैं प्रतिज्ञा न करता/करती हूं कि उपरोक्त विशिष्टियां .....
जो ..... का पुत्र/पुत्री है,
के संबन्ध में हैं जिस का/की मैं माता-पिता/विधिक संरक्षक हूं :

मैं उसके खर्चे को पूरी जिम्मेदारी लेता/लेती हूं ।

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि उसने कभी अपनी नागरिकता नहीं खोई है, उसका परित्याग नहीं किया है और न ही वह इस से कभी वंचित किया गया/की गई है और इस आवेदन पत्र में उसके सम्बन्ध में दी गई जानकारी सही है ।

आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान :

तारीख :

ण. **सत्यापन प्रमाण-पत्र :**

(यह प्रमाण-पत्र पासपोर्ट प्राप्त करने की पूर्व शर्त नहीं है)

1. मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता हूं कि मैंने इस बाबत अपना समाधान कर लिया है कि अपरोक्त पासपोर्ट आवेदन-पत्र में श्री/श्रीमती/कुमारी ..... जो ..... का पुत्र/पत्नी/पुत्र/पत्नी/पुत्री हैं ने जो विशिष्टियां दी हैं वे सही हैं ।

मैं आवेदक को पासपोर्ट जारी किए जाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति समझता हूं । मैंने अपना यह समाधान कर लिया है कि आवेदक भारत का नागरिक है ।

2 मैंने अपना समाधान कर लिया है कि आवेदक की आर्थिक स्थिति अच्छी है ।

टेलीफोन — हस्ताक्षर .....
कार्यालय : — साफ अक्षरों में नाम .....
निवास : — पदनाम .....
स्थान : — कार्यालय की मुहर .....
तारीख :

टिप्पण : यदि सत्यापन प्राधिकारी यह प्रमाणित करने की स्थिति में नहीं है कि आवेदक की आर्थिक स्थिति अच्छी है तो वह सत्यापन प्रमाण-पत्र से पैरा 2 को हटा सकता है । ऐसी दशा में आवेदक को वित्तीय प्रत्याभूति प्रस्तुत करनी होगी जब तक कि उसे पासपोर्ट नियम, 1980 के नियम 6 के अधीन ऐसा करने से अन्यथा छूट नहीं दे दी गई है ।

चेतावनी

यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है और इस पर अच्छी तरह सोच-विचार कर के हस्ताक्षर किए जाने चाहिए । (इस पर किसी संसद सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा के सदस्य या महानगर परिषद्, दिल्ली के सदस्य या किसी अधिकारी जो पंक्ति में सरकार के उप-सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो या प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट है या उप-खण्ड मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे)

आवेदक के अवयस्क के जिसके निमित्त आवेदन किया जाता है नमूने के दो हस्ताक्षर या बाएं हाथ के अंगूठे के चिन्ह (यदि पुरुष हो) या दाएं हाथ के अंगूठे के चिन्ह (यदि स्त्री हो) ।

1.

2.

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ई० ए० (पी०) 2

भारत सरकार

विदेशों में रहने वाले भारतीयों के लिए पासपोर्ट आवेदन-पत्र प्ररूप

चेतावनी : जानबूझ कर मिथ्या जानकारी देना या कोई तात्विक जानकारी छिपाना पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अधीन अपराध है—

इस आवेदन-पत्र प्ररूप का उपयोग विदेशों में रहने वाले भारतीय राष्ट्रिकों द्वारा (यदि वयस्क है तो अपने लिए या यदि किसी अवयस्क बालक के माता-पिता/विधिक संरक्षक में से कोई है तो उस बालक की ओर से) साधारण अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट/भारत—श्रीलंका पासपोर्ट जारी किए जाने के लिए किया जा सकता है ।

सेवा में,

(कृपया उस भारतीय मिशन/पोस्ट का नाम भरें जिसे आप पासपोर्ट जारी करने के लिए आवेदन दे रहे हैं) ।

फोटो चिपकाने के लिए स्थान

(फोटो की कुल तीन प्रतियां अपेक्षित है —इनमें से एक ऊपर के स्थान पर चिपकाई जाएगी और दो इस आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की जाएगी । फोटो का आकार 50 मि० मी० × 60 मि० मी० से कम का नहीं होना चाहिए और इसमें पूरा चेहरा दिखाई देना चाहिए ।)

(क) **फीस**

(1) जमा की गई फीस की रकम

(2) आपने किस प्रकार इसको जमा किया है

(ख) आवेदक के/अवयस्क की विशिष्टियां जिसके लिए पासपोर्ट अपेक्षित है।

1. साफ अक्षरों में पूरा नाम
(कृपया अधक्षरों का प्रयोग न करें)
2. यदि आवेदक विवाहिता/विधवा स्त्री है तो विवाह से पहले का नाम
3. उपनाम , यदि कोई हो
4. यदि आपने पहले कभी अपना नाम बदला है तो आपका पहला नाम क्या था
5. जन्म की तारीख
6. जन्म स्थान
7. पिता का पूरा नाम
(कृपया अधक्षरों का प्रयोग न करें)
8. माता का पूरा नाम
9. यदि आवेदक विवाहिता/विधवा स्त्री है तो पति का पूरा नाम
10. व्यवसाय और वर्तमान उपजीविका
11. लम्बाई मीटर सेंटीमीटर
12. आंखों का रंग
13. बालों का रंग
14. पहचान के प्रकट चिन्ह

(ग) पासपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले 15 वर्ष से कम आयु के बालक :

बालक का नाम	जन्म स्थान	जन्म की तारीख	आवेदक से नातेदारी
1.			
2.			
3.			
4			

कृपया जन्म प्रमाण-पत्र/पत्रों या विद्यालय प्रमाण-पत्र/पत्रों की प्रतियां, जिनमें जन्म की तारीख दी गई हो और माता-पिता दोनों के पासपोर्ट संलग्न करें।

(घ) पता

1. वर्तमान पता
2. स्थायी पता
3. टेलिफोन संख्या, यदि कोई हो
4. उस नातेदार की विशिष्टियां दीजिए जिसे पासपोर्ट धारक को विदेश में कोई कठिनाई होने की दशा में सूचित किया जा सके।

नाम :

नातेदारी

पूरा पता

टेलीफोन संख्या, यदि कोई हो

indiacode

(ङ) नागरिकता :

क्या आप जन्म/वंश/राष्ट्रीकरण/देशीयकरण से भारत के नागरिक हैं ?

(पासपोर्ट के लिए प्रथम आवेदन की दशा में कृपया नागरिकता दस्तावेज की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)

(च) पहला पासपोर्ट :

1. आपके पास जो पहला पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज है उसे संलग्न करें और निम्नलिखित ब्यौरे दें —

संख्या

जारी करने की तारीख

जारी करने का स्थान

2. क्या आपको कभी पासपोर्ट दिए जाने से इन्कार किया गया था ?

3. क्या कभी आपके पासपोर्ट को परिबद्ध किए जाने या परिवर्तन किए जाने का आदेश जारी किया गया था ?

(यदि ऊपर 2 या 3 का उत्तर "हां" में है तो कृपया उस सरकारी पत्र की प्रति संलग्न करें जो आपको प्राप्त हुआ था)

(छ) आवेदक की घोषणा :

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि —

(i) मैंने स्वेच्छा से किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है;

(ii) मैंने भारत की नागरिकता नहीं खोई है, उसका परित्याग नहीं किया है और न ही मैं इससे कभी वंचित किया गया हूं; और

(iii) इस प्ररूप में दिए गए प्रश्नों के उत्तर में मैंने जो जानकारी दी है वह सही है ।

स्थान :

तारीख :

आवेदक के हस्ताक्षर

टिप्पण : कृपया अंत में दिए गए स्थान पर अपने नाम के हस्ताक्षर करें।

(ज) यदि आवेदन अवयस्क की ओर से है तो माता-पिता या विधिक संरक्षक की घोषणा :

मैं प्रतिज्ञान करता/करती हूँ कि ऊपर दिए गए विवरण———— ————————जो———— — ————————का पुत्र/पुत्री है के संबंध में है जिसका मैं पिता-माता/विधिक संरक्षक हूँ।

मैं उसके खर्च की पूरी जिम्मेदारी लेता हूँ/लेती हूँ ।

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उसने कभी भारत की नागरिकता नहीं खोई है, न उसका परित्याग किया है और न ही वह कभी इससे वंचित किया गया है और कि इस आवेदनपत्र में उसके बारे में दी गई जानकारी सही है ।

पिता-माता/विधिक संरक्षक के हस्ताक्षर

आवेदक/अवयस्क जिसकी ओर से आवेदन किया गया है के नमूने के दो हस्ताक्षर या बायें हाथ के अंगूठे के चिन्ह (यदि पुरुष हो) या दायें हाथ के अंगूठे के चिन्ह (यदि स्त्री हो) ।

1	2

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

[प्ररूप ई क (पी) 3]

राजनयिक/सरकारी पासपोर्ट जारी करने के लिये आवेदन-पत्र

(इस आवेदन-पत्र के साथ पासपोर्ट आकार के दो फोटो भेजे जाने चाहिए—इनमें से एक फोटो सम्यक रूप से सत्यापित होनी चाहिए)

1. (क) पूरा नाम (साफ अक्षरों में)

(ख) उपनाम, यदि कोई हो (साफ अक्षरों में)

2. व्यवसाय

3. वर्तमान नियोजन

4. घर का स्थायी पता

5. वर्तमान पता

6. जन्म स्थान

7. जन्म की तारीख

8. पिता/पति का नाम

9. वैयक्तिक विशिष्टियां :

(क) लंबाई

(ख) आंखों का रंग

(ग) बालों का रंग

(घ) पहचान के प्रकट चिन्ह यदि कोई हों तो ?

10. पासपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले 15 वर्ष से कम आयु के बालकों की विशिष्टियां :

	नाम	जन्म की तारीख	जन्म स्थान	नातेदारी
1.				
2.				
3.				
4.				

11. (क) क्या आपने किसी अन्य प्राधिकारी को किसी अन्य पासपोर्ट के लिए आवेदन किया है ?

(ख) यदि हां, तो ब्यौरे दीजिए :

12. यदि आपके पास पहला कोई पासपोर्ट है तो उसकी विशिष्टियां :

(क) संख्या

(ख) जारी करने की तारीख

(ग) जारी करने वाला प्राधिकारी और स्थान

(घ) यदि आवेदक ने अपना पहला राजनयिक सरकारी पासपोर्ट विदेश मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकारी को वापस किया है तो कृपया बताएं कि वह कहां और कब लौटाया गया था ।

विशेष टिप्पण :

13. पहला पासपोर्ट यदि आवेदक की अभिरक्षा में है तो उसे इस आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सरकारी कार्य से जिन देशों में जाना है उनका नाम	सरकारी कार्य का सही स्वरूप	संभावित तारीख देते हुए ठहराने की अवधि

14. यात्रा का ढंग और मार्ग

स्थान : .....

तारीख : आवेदक के या, यदि आवेदन अवयस्क के लिए है तो, माता/पिता के हस्ताक्षर

IndiaCode

प्रमाण-पत्र

1. *मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता हूं कि श्री/श्रीमती/कुमारी .....
..... सरकारी कर्त्तव्य पर विदेश जा रहे/रही है,
(पूरा नाम और पदनाम)
जैसा कि ऊपर मद संख्या 13 में दर्शित है।

2. *मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता हूं कि श्री/श्रीमती/कुमारी .....
..... श्री/श्रीमती ..... का
(पूरा नाम) (पूरा नाम और पदनाम)
पुत्र/पत्नी/पुत्री है, जो सरकारी कर्त्तव्य पर विदेश जा रहे हैं जैसा कि ऊपर मद सं० 13 में दर्शित है।

कार्यालय अध्यक्ष के हस्ताक्षर .....

पदनाम .....

*जो लागू न हो उसे काट दें।

आवश्यक : उन व्यक्तियों के प्रवर्गों का उल्लेख, जिन्हें सरकारी और राजनयिक पासपोर्ट जारी किए जा सकते हैं, पासपोर्ट नियम, 1980 की अनुसूची II के भाग- I में किया गया है। जो व्यक्ति उक्त अनुसूची के अन्तर्गत नहीं आते हैं वे सरकारी और राजनयिक पासपोर्ट के लिए पात्र नहीं होंगे।

.....

कृपया ऊपर दिए गए स्थान में आवेदक के नमूने के हस्ताक्षर या अंगूठे के चिन्ह (पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे के और स्त्री की दशा में दायें अंगूठे के)

अनुसूची-III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ईए(पी) 4

आपाती प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र

(इस आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट आकार के तीन फोटो भेजे जाने चाहिए)

I. फीस :

1. जमा की गई रकम
2. जमा करने की तारीख
3. जमा करने का ढंग

II. वैयक्तिक विशिष्टियां

1. (क) पूरा नाम
(साफ अक्षरों में)
(ख) उपनाम यदि कोई हो
(साफ अक्षरों में
2. पहले का नाम, यदि आपने कभी अपना नाम बदला है।
3. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में विवाह के पहले का नाम
4. पिता का नाम
5 विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में पति का नाम
6. भारत में स्थाई पता
7. विदेश में वर्तमान पता
8. वर्तमान राष्ट्रीय प्रास्थिति
9. व्यवसाय
10. जन्म का स्थान
11. जन्म की तारीख
12. लंबाई
13. आंखों का रंग
14. बालों का रंग
15 पहचान के प्रकट चिन्ह, यदि कोई हों।

III. आपाती प्रमाण-पत्र में सम्मिलित किए जाने वाले 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालकों की विशिष्टियां :

नाम	जन्म की तारीख	जन्म स्थान	नातेदारी
1.			
2.			
3			
4.			

IV. यदि आपके पास पहले कोई पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज है तो उसकी विशिष्टियां :

1. क्या आपके पास पहले कोई पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज था ?
2 यदि हां, तो कृपया निम्नलिखित विशिष्टियां दें :
(क) संख्या
(ख) जारी करने की तारीख
(ग) जारी करने वाला प्राधिकारी और स्थान

विशेष टिप्पण : यदि पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज उपलब्ध है तो उसे इस आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

3. यदि आप उस पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज को प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं है तो कृपया इसके कारण बताएं :
.....
.....

V. आपाती प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने के कारण :
.....
.....

VI. आवेदक की घोषणा :

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं कि :—

1. मैं भारत का नागरिक/भारतीय उद्भव का व्यक्ति हूं,
*2. मैंने स्वेच्छया किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है; और
3. इस प्ररूप में दिए गए प्रश्नों के उत्तर में मैंने जो जानकारी दी है वह सही है।

स्थान : .....

तारीख : आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का चिन्ह
(पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे का और स्त्री की दशा में दाएं अंगूठे का)

आवेदक के नमूने के दो हस्ताक्षर या अंगूठे के चिन्ह (पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे के और स्त्री की दशा में दाएं अंगूठे के)

1 2

*यदि किसी अन्य देश की नागरिकता स्वेच्छया प्राप्त की है तो कृपया ब्यौरे दें .....
.....
.....

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ईए (पी) 5

पहचान प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र

(इस आवेदनपत्र के साथ पासपोर्ट आकार के तीन फोटो—एक स्थानीय पुलिस प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से सत्यापित और आवासीय परमिट, भेजे जाने चाहिए)।

I. फीस :

1. रकम

IndiaCode

2. जमा करने की तारीख

3. जमा करने का ढंग

II वैयक्तिक विशिष्टियां :

1. (क) पूरा नाम
(साफ अक्षरों में)

(ख) उपनाम, यदि कोई हो
(साफ अक्षरों में)

2. पहला नाम, यदि आपने कभी अपना नाम बदला है

3. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में विवाह से पूर्व का नाम

4. पिता का नाम

5. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में पति का नाम

6. विदेश में पिछला स्थाई पता

7. वर्तमान पता

8. उद्भव का स्थान/देश

9. वर्तमान राष्ट्रीय प्रास्थिति

10. भारत में आवास की अवधि

11. व्यवसाय

12. जन्म का स्थान

13. जन्म की तारीख

14. लम्बाई

15. आंखों का रंग

16. बालों का रंग

17 पहचान के प्रकट चिह्न, यदि कोई हो

III. पहचान प्रमाणपत्र में सम्मिलित किये जाने वाले, 15 वर्ष से कम आयु के बालक/बालकों की विशिष्टियां

नाम	जन्म की तारीख	जन्म स्थान	नातेदारी
1.			
2.			
3.			
4.			

IV. 1. पहचान प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने का प्रयोजन

2. देश जिनके लिए पहचान प्रमाणपत्र अपेक्षित है

V आवेदक की घोषणा

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं कि—

(क) मैं ..... राष्ट्रियकता का हूं/राज्य-विहीन हूं ।

(ख) मैंने पहले भारतीय/विदेशी यात्रा दस्तावेज प्राप्त नहीं किया है क्योंकि

.....

.....

(ग) इस प्ररूप में दिये गए प्रश्नों के उत्तर में मैंने जो जानकारी दी है, वह सही है ।

स्थान .....

तारीख .....

.....

आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का चिन्ह

(पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे का और स्त्री की दशा में दाएं अंगूठे का)

आवेदक के नमूने के दो हस्ताक्षर या अंगूठे के चिन्ह (पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे के और स्त्री की दशा में दाएं अंगूठे के)

1	2

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ईए (पी) 6

सभी प्रकार के पासपोर्टों/यात्रा दस्तावेजों की विधिमान्यता के नवीकरण के लिये आवेदनपत्र

1. (क) पूरा नाम
(साफ अक्षरों में)

(ख) उप नाम, यदि कोई हो

2. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में विवाह से पहले का नाम

3. पिता/पति का नाम

4. वर्तमान पता

5 स्थाई पता

6 पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेजों की विशिष्टियां

(क) संख्या
(ख) जारी करने की तारीख
(ग) जारी करने वाला प्राधिकारी और स्थान
(घ) कब तक विधिमान्य है

7. (क) अवधि जब तक नवीकरण अपेक्षित है

(ख) नवीकरण के लिये कारण

8. जमा की गई फीस की रकम

9. जमा करने का ढंग (यदि फीस मनीआर्डर द्वारा भेजी गई थी तो कृपया मनीआर्डर की रसीद संलग्न करें) ।

10. घोषणा :

मैं घोषणा करता हूं कि जब से मुझे ऊपर वाला पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी किया गया था मैंने भारत की नागरिकता नहीं खोई है या उसका परित्याग नहीं किया है*.....मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मेरे पास कोई अन्य पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज नहीं है ।

*जो लागू न हो उसे काट दें ।

स्थान .....

तारीख .....

.....

आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे के चिन्ह
(पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे का और स्त्री की दशा में बाएं अंगूठे का)

IndiaCode

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ईए (पी) 7

सभी प्रकार के पासपोर्टों/यात्रा दस्तावेजों पर अतिरिक्त पृष्ठांकन के लिये आवेदनपत्र

1. (क) पूरा नाम
(साफ अक्षरों में)
(ख) उप नाम, यदि कोई हो
2. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में विवाह से पहले का नाम
3. वर्तमान पता
4. स्थाई पता
5. पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज की विशिष्टियां
(i) संख्या
(ii) जारी करने की तारीख
(iii) जारी करने वाला प्राधिकारी और स्थान
(iv) कब तक विधिमान्य है
6. देश जिस/जिनके लिये अतिरिक्त पृष्ठांकन अपेक्षित है
7. अपेक्षित अतिरिक्त पृष्ठांकन के लिये कारण
8. जमा की गई फीस की रकम
9. फीस के जमा कराने का ढंग

विशेष टिप्पण : यदि फीस मनीआर्डर द्वारा भेजी गई थी तो कृपया मनीआर्डर की रसीद संलग्न करें।

स्थान .....
तारीख .....

.....
आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का चिन्ह
(पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे का और स्त्री की दशा दाएं अंगूठे का)

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ईए (पी) 8

सभी प्रकार के पासपोर्टों/यात्रा दस्तावेजों पर प्रकीर्ण सेवाओं के लिए आवेदन पत्र

1. (क) पूरा नाम
(साफ अक्षरों में)
(ख) उप नाम, यदि कोई हो
(साफ अक्षरों में)
2. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में विवाह से पूर्व का नाम
3. वर्तमान पता
4. स्थाई पता
5. पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज की विशिष्टियां
(i) संख्या
(ii) जारी करने की तारीख
(iii) जारी करने वाला प्राधिकारी और स्थान
(iv) कब तक विधिमान्य है।
6. (i) अपेक्षित सेवा की वास्तविक प्रकृति
(ii) सेवा की प्रार्थना के लिये कारण
7. जमा की गई फीस की रकम
8. जमा करने का ढंग

विशेष टिप्पण :

यदि फीस मनीआर्डर द्वारा भेजी गई थी तो कृपया मनीआर्डर रसीद संलग्न करें।

स्थान .....
तारीख .....

.....
आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का चिन्ह
(पुरुष की दशा में बाएं अंगूठे का और स्त्री की दशा में दाएं अंगूठे का)

अनुसूची III भाग I

(नियम 5 देखिए)

प्ररूप ईए (पी) 9

जब आवेदक के पासपोर्ट (सभी प्रकार के) या यात्रा दस्तावेज के सभी पृष्ठ समाप्त हो गए हैं तो नई पुस्तिका या अतिरिक्त पन्नों के लिए आवेदनपत्र

[इस आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट आकार के दो फोटो होने चाहिये। यदि शक्ल-सूरत में कोई परिवर्तन आया है तो फोटो को (पृष्ठ भाग में) किसी राजपत्रित अधिकारी/नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए]

1. (क) पूरा नाम
(साफ अक्षरों में)
(ख) उप नाम, यदि कोई हो
(साफ अक्षरों में)
2. विवाहिता/विधवा/विच्छिन्न विवाह स्त्री की दशा में विवाह से पूर्व का नाम
3. वर्तमान पता
4. स्थाई पता
5. पासपोर्ट/यात्रा दस्तावेज की विशिष्टियां
6. (i) संख्या
(ii) जारी करने की तारीख
(iii) जारी करने वाला प्राधिकारी और स्थान
(iv) कब तक विधिमान्य है
7. जमा की गई फीस की रकम
8. जमा करने का ढंग

विशेष टिप्पण :

यदि फीस मनीआर्डर द्वारा भेजी गई थी तो कृपया मनीआर्डर की रसीद संलग्न करें।

स्थान .....
तारीख .....

.....
आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का चिन्ह
